## कार्यपत्र-11

**1. सही उत्तर पर ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) वह लड़की सुंदर है।– रेखांकित का भेद बताइए। (i) गुणवाचक विशेषण ✓

(ख) विशेषण शब्द किसकी विशेषता बताते हैं? (iii) संज्ञा और सर्वनाम की ✓

(ग) वह लड़की विद्यालय जा रही है।– रेखांकित शब्द का भेद बताइए। (ii) सार्वनामिक विशेषण ✓

(घ) संज्ञा या सर्वनाम की माप-तौल संबंधी विशेषता बताने वाले शब्द होते हैं– (i) परिणामवाचक विशेषण ✓

(ङ) विशेषण की कितनी अवस्थाएँ होती हैं? (ii) तीन ✓

**2. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) संज्ञा और सर्वनाम शब्दों की विशेषता प्रकट करने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।
जैसे– वह लंबा लड़का कौन है?

(ख) विशेषण के चार भेद हैं–

1. गुणवाचक विशेषण – अच्छा, सुंदर
2. संख्यावाचक विशेषण – दूसरा, छठी
3. परिमाणवाचक विशेषण – दो लीटर, चार किलो
4. सार्वनामिक विशेषण – वह लड़का, यह पुस्तक

(ग) ऐसे विशेषण शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण, दोष, रूप, रंग, भाव, अवस्था, दशा आदि का बोध कराते हैं, वे गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे– मुलायम कपड़ा, मीठा सेब आदि।

(घ) संज्ञा की जगह प्रयोग होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर उनकी विशेषता बताते हैं, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।

(ङ) विशेषण की अवस्था की पहचान करने के लिए ध्यान देना चाहिए– मूलावस्था में विशेषण शब्द अपने मूल रूप में होता है। उत्तरावस्था में मूल विशेषण शब्द के साथ 'तर' जुड़ा रहता है तथा उत्तमावस्था में मूल विशेषण शब्द के साथ 'तम' जुड़ा रहता है।

**3. दिए गए शब्दों से विशेषण शब्दों की रचना कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | आदर | आदरणीय | (ख) | कल्पना | काल्पनिक |
| (ग) | सुख | सुखी | (घ) | भूख | भूखा |
| (ङ) | नीचे | निचला | (च) | सम्मान | सम्मानित |
| (छ) | पाप | पापी | (ज) | लड़ना | लड़ाकू |
| (झ) | पत्थर | पथरीला | (ञ) | जहर | जहरीला |

**4. दिए गए वाक्यों में से विशेषण तथा विशेष्य अलग-अलग करके लिखिए।**

| | **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|---|
| (क) मुझे सफ़ेद घोड़ा चाहिए। | सफ़ेद | घोड़ा |
| (ख) ताजमहल अद्वितीय है। | अद्वितीय | ताजमहल |
| (ग) पाँच किलो चीनी लाओ। | पाँच किलो | चीनी |
| (घ) उस बुद्धिमान लड़के को यहाँ बुलाओ। | बुद्धिमान | लड़के |
| (ङ) उसकी मधुर आवाज़ ने सबको मोहित कर दिया। | मधुर | आवाज़ |